मध्यप्रदेश
दैनिक भास्कर, इंदौर, मंगलवार, 28 जुलाई, 2015

असली दुनिया की तरह इंटरनेट की दुनिया में भी सावधानी जरूरी

संयोगितागंज हायर सेकंडरी स्कूल में आईजी कपूर ने दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

कम्प्यूटर और इंटरनेट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ ही साइबर क्राइम में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इससे निपटने के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता। जैसे हम असली दुनिया में खुद की सुरक्षा का ध्यान रखते हैं, ठीक उसी तरह इंटरनेट की दुनिया (वर्चुअल वर्ल्ड) में भी खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी जरूरी है। अगर हम इसके प्रति जागरूक होंगे तो न इससे हमें, न ही समाज को कोई नुकसान होगा।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कही। वे सोमवार को संयोगितागंज हायर सेकंडरी (जगदाले) स्कूल में विद्यार्थियों और फैकल्टी मेंबर्स को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहे 'संदेश' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को सायबर अपराध के विश्वभर में प्रभाव, उसे रोकने के बेहतर उपाय, वर्चुअल 'वर्ल्ड में गतिविधि संचालित करने के सुरक्षित उपाय बताते हुए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए।

छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते आईजी कपूर।

उन्होंने कहा- आज दुनिया में मोबाइल, इंटरनेट का सर्वाधिक उपयोग हो रहा है। बैंक, बीमा, शासकीय कार्य सहित हर क्षेत्र में इंटरनेट का उपयोग हो रहा है। इसके साथ ही साइबर अपराध भी बढ़ रहे हैं। इसका बड़ा कारण है लोगों में जागरूकता की कमी है। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक सुदीप गोयनका ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के साथ ही आईटी एक्ट की जानकारी दी। कार्यशाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो विद्यार्थी सुरेश पंवार और यतिका गोयल को आईजी कपूर ने प्रमाण पत्र और गोल्डन बैज प्रदान करते हुए सम्मानित भी किया।